№ 005867

# संस्थाओं के निबन्धन का प्रमाण-पत्र

( ऐक्ट 21, 1860 )

संख्या 800 वर्ष 2004-2005

मैं इसके द्वारा प्रमाणित करता हूं कि ब्राइट एडुकेशनल एन्ड वेलफेयर सोसाइटी

सोसाईटीज रजिस्ट्रेशन ऐक्ट 21, 1860 के अधीन आज यथावत् निबन्धित हुआ/हुई।

आज तारीख दस मास सितम्बर वर्ष दो हजार पांच को पटना में मेरे हस्ताक्षर के साथ दिया गया।

10.9.05

वास्ते, महानिरीक्षक, निबन्धन, बिहार, पटना।

बि०स०मु० (निबन्धन) 1 —II—10,000—31-3-2004—डी० एन० सिंह

Rajendra Prasad Sha
Manager
CAMBRIDGE PUBLIC SCHOOL
GOVINDPUR SILHAURI,
NAUBATPUR, PATNA-801109

Punam Kumari Gupta
Principal
Cambridge Public School
Govindpur Silhauri, Naubatpur, Patna

## आम सभा का प्रस्ताव

आज दिनांक 10.8.2004 को " ब्राईट एडुकेशनल एण्ड वेलफेयर सोसायटी " की आम सभा की बैठक कार्यालय प्रांगन में अध्यक्ष जवाहर भगत की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई तथा सर्वसम्मति से निम्नलिखित प्रस्ताव पारित किये गये :-

प्रस्ताव संख्या-1 :-

सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि " ब्राईट एडुकेशनल एण्ड वेलफेयर सोसायटी " का निबंधन संस्था अधिनियम 21, 1860 के अन्तर्गत निबंधित करा लिया जाय ।

प्रस्ताव संख्या-2 :-

साथही सर्वसम्मति से यह भी निर्णय लिया गया कि उपरोक्त नाम की संस्था का निबंधन कराने का भार सचिव दिलीप कुमार को प्राधिकृत किया जाय ।

ह0/-
अध्यक्ष

प्रमाणित किया जाता है कि यह आम सभा के प्रस्ताव की सच्ची प्रति है ।

जवाहर भगत

अध्यक्ष

दिलीप कुमार

सचिव

Punam Kumari Gupta
Principal
Cambridge Public School
Govindpur Silhauri, Naubatpur, Patna

Rajendra Prasad Sha
Manager
CAMBRIDGE PUBLIC SCHOOL
GOVINDPUR SILHAURI,
NAUBATPUR, PATNA-801109

" ब्राईट एडुकेशनल एण्ड वेलफेयर सोसायटी "

का

## स्मृति - पत्र

1. संस्था का नाम :- इस संस्था का नाम " ब्राईट एडुकेशनल एण्ड वेलफेयर सोसायटी " होगा ।

2. निबंधित कार्यालय :- इस संस्था का निबंधित कार्यालय- ग्रा०- चुनौटी कुआँ, पो०-फुलवारी शरीफ, जिला- पटना, बिहार में रहेगा । आवश्यकतानुसार कार्यालय स्थान परिवर्तन की सूचना निबंधन विभाग एवं अन्य संबंधित विभागों को 15 दिनों के अन्दर दे दी जायेगी ।

3. कार्यक्षेत्र :- इस संस्था का कार्यक्षेत्र सम्पूर्ण भारतवर्ष होगा ।

4. उद्देश्य :- इस संस्था के निम्नलिखित उद्देश्य होंगे ।

क) लोगों के बौद्धिक विकास के लिए पुस्तकालय, वाचनालय, आँगनबाड़ी, बालवाड़ी, आदि के संचालन करना तथा सरकार की मदद करना ।

ख) युवक युवतियों एवं बच्चों को शिक्षित बनाने के लिए विद्यालय, महाविद्यालय, आवासीय विद्यालय, विकलांग विद्यालय, हरिजन छात्रावास, अनाथालय, पठन-पाठन कक्ष, मूक-बधिर के लिए शिक्षण संस्थान आदि की स्थापना एवं संचालन करना तथा मेधावी छात्र एवं छात्राओं को हर संभव आर्थिक सहायता देकर उच्च शिक्षा की ओर अग्रसर करना ।

ग) यह संस्था ग्रामीण, शहरी एवं आदिवासी क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को सामाजिक, आर्थिक, नैतिक, बौद्धिक, शैक्षणिक तथा सांस्कृतिक विकास के लिए सतत प्रयत्नशील रहेगी तथा शिक्षा के प्रचार-प्रसार के लिए जागरूकता अभियान, साक्षरता अभियान आदि कार्यक्रमों का संचालन कर लोगों को शिक्षा के प्रति जागरूक बनाने का प्रयास करना तथा सरकार द्वारा चलायी जा रही शिक्षा के विभिन्न कार्यक्रमों के संचालन में मदद करना ।

घ) दलित, पिछड़ित, अल्पसंख्यक, आदिवासी, बच्चों, युवक एवं युवतियों को शिक्षा के प्रति आकर्षित करना, माता-पिता एवं अभिभावकों को प्रेरित करना ।

Pulam Kumari Gupta
Principal
Cambridge Public School
Govindpur Silhauri, Naubatpur, Patna

Manager
CAMBRIDGE PUBLIC SCHOOL
GOVINDPUR SILHAURI,
NAUBATPUR, PATNA-801109

ड़) ग्रामीण महिलाओं को आत्म निर्भर बनाने के लिए लघु उद्योग, कुटीर उद्योग, हस्तकला, शिल्पकला, सूचीकला, मूर्तिकला, पेंटिंग, कशीदाकारी, एपलिक निर्माण, सिलाई, कटाई, बुनाई, कढ़ाई, स्वेटर बुनाई आदि का व्यवसायिक प्रशिक्षण की व्यवस्था करना।

ढ़) ज्ञान विज्ञान के प्रचार-प्रसार के लिए पत्र-पत्रिकाओं का प्रकाशन एवं मुद्रण की व्यवस्था करना तथा समय-समय पर हैंडबिल, प्रचार-प्रसार के लिए पोस्टर, बैनी आदि के द्वारा शिक्षा का प्रचार करना।

ण) शिक्षित बेरोजगार युवक एवं युवतियों को आत्म निर्भर बनाने के लिए रेडियो, टेलीविजन, कम्प्यूटर, इलेक्ट्रानिक्स, इलेक्ट्रीकल्स, हार्डवेयर, साफ्टवेयर आदि तकनीकि प्रशिक्षण की व्यवस्था करना तथा संचालन करना।

त) बेरोजगार युवक, युवतियों, महिलाओं एवं पुरुषों को आत्म निर्भर बनाने के लिए मत्स्य पालन, मुर्गी पालन, बत्तख पालन, भेड़ पालन, बकरी पालन, सूअर पालन, डेयरी उधोग, रेशम कीट पालन, लाह उधोग, मधुमक्खी पालन, आदि का व्यवसायिक प्रशिक्षण देना तथा केन्द्र का संचालन करना।

थ) पर्यावरण को प्रदूषण मुक्त बनाने के लिए वृक्षारोपण कार्यक्रम एवं जागरूकता कार्यक्रम का संचालन करना तथा लोगों को अधिक से अधिक वृक्ष लगाने एवं उसकी रक्षा करने के लिए प्रेरित करना तथा गैर पारम्परिक उर्जा के बारे में जानकारी देना तथा उपलब्ध कराने का प्रयास करना।

द) स्वास्थ्य की देखभाल के लिए समय-समय पर टीकाकरण शिविर, परिवार नियोजन शिविर, परिवार कल्याण शिविर, मुफ्त दवा वितरण केन्द्र, नेत्र चिकित्सा शिविर, आदि की स्थापना एवं संचालन करना तथा लोगों को आरोग्य रोगों के बारे में जानकारी देना तथा आवश्यक दवा एवं चिकित्सा की व्यवस्था करना तथा एड्स, कैंसर, कालाजार, टी॰बी॰ कुष्ठ की रोकथाम के लिए जागरूकता अभियान का संचालन करना।

ध) बाढ़ अकाल, महामारी, सुखाड़, भूकम्प तथा अन्य प्राकृतिक आपदाओं में राहत कार्यक्रम का संचालन करना तथा पीड़ितों के बीच दवा, चिकित्सा, भोजन, वस्त्र एवं पुनर्वास की व्यवस्था करना।

Punam Kumari Gupta
Principal
Cambridge Public School
Govindpur Silhauri, Naubatpur, Patna

Rajendra Prasad Sha
Manager
CAMBRIDGE PUBLIC SCHOOL
GOVINDPUR SILHAURI,
NAUBATPUR, PATNA-801109

ङ) बाल श्रमिक, महिला श्रमिक एवं बंधुआ श्रमिक के कल्याणार्थ कार्यक्रमों का संचालन करना ।

ढ) विकलांग, विधवा, मूक, बधिर, अपाहिज, वृद्ध, अल्पसंख्यक, दलित, पिछड़ी जाति आदि के कल्याणार्थ कार्यक्रमों का संचालन करना तथा सरकार द्वारा चलायी जा रही ग्रामीण विकास कार्यक्रमों, तथा दलित उत्थान कार्यक्रमों से लाभान्वित कराने का प्रयास करना ।

ण) लोगों को स्वच्छता के महत्व को समझाना तथा स्वच्छ पेयजल, सुलभ शौचालय, कम लागत के आवास, स्वच्छ वातावरण, शिक्षा, चिकित्सा तथा स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराने का प्रयास करना ।

त) कृषि के विकास के लिए कृषकों को उन्नत खाद, उन्नत बीज, कृषि के आधुनिक उपकरण, सिंचाई के साधन हेतु कुआँ, चापकल, बोरिंग, पुल-पुलिया, नहर, बाँध की मरम्मति आदि के कार्य करना तथा ग्रामीण विकास कार्यक्रमों के तहत ग्रामीणों को राहत पहुँचाना ।

थ) लोगों को स्वयं सहायता समूह के गठन एवं संचालन, महिला मंडल की स्थापना, उपभोक्ता संरक्षण, पचायती राज, दलित मानवाधिकार, महिलाओं को कानूनी सलाह आदि के बारे में जानकारी देना ।

द) कला एवं सांस्कृतिक के विकास के लिए नाटक, नृत्य, संगीत, वाद्य यंत्रों के बारे में जानकारी देना तथा प्रशिक्षण केन्द्र की स्थापना एवं संचालन करना ।

ध) विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के विकास के लिए लोगों में जन-जागरूकता का विकास करना ।

न) देश की एकता एवं अखण्डता की रक्षा के लिए देश एवं समाज से आतंकवाद, अशिक्षा, अज्ञानता, अंधविश्वास, छुआछूत, जातिवाद, क्षेत्रीयवादिता, नशाखोरी, औषधि दुरूपयोग, वेश्यावृत्ति की प्रथा, बाल अपराध, महिला अत्याचार, दहेज प्रथा आदि के उन्मूलन के लिए सभा, गोष्ठी, सेमिनार कार्यशाला आदि का आयोजन करना तथा जन-जागरूकता का विकास करना।

प) वन एवं वन्य प्राणियों के कल्याणार्थ कार्यक्रमों का संचालन करना तथा पशु-पक्षियों, बीमार पशु, आश्रित पशु, जंगली पशु एवं पक्षियों के लिए पुनर्वास की व्यवस्था करना ।

Punam Kumari Gupta
Principal
Cambridge Public School
Govindpur Silhauri, Naubatpur, Patna

Rajendra Prasad Sha
Manager
CAMBRIDGE PUBLIC SCHOOL
GOVINDPUR SILHAURI,
NAUBATPUR, PATNA-801109

निम्नलिखित व्यक्ति जिनका नाम, पिता/पति का नाम, पता, पेशा एवं पद नीचे दिया गया है वर्तमान के कार्यकारिणी समिति के सदस्य हैं जिनपर संस्था के नियमानुसार प्रबंध का भार सौंपा गया है ।

| क्रमांक | नाम, पिता/पति का नाम | पता | पेशा | पद |
|---|---|---|---|---|
| 1. | जवाहर भगत<br>पिता-स्व0 गंगा भगत | ग्राम - पो0-चोढ़ली, भाया- बेलदौर, जिला- खगड़िया । | समाजसेवा | अध्यक्ष |
| 2. | दिलीप कुमार साह<br>पिता-श्री लक्ष्मण साह | मु0-चुनौटी कुआँ, पो0-फुलवारी शरीफ, जिला- पटना । | समाजसेवा | सचिव |
| 3. | पूनम कुमारी गुप्ता<br>पिता-श्री अजय प्रसाद गुप्ता | गाँधी चौक, पूरब सराय, जिला- मुंगेर । | समाजसेवा | कोषाध्यक्ष |
| 4. | संतोष कुमार पाठक<br>पिता-श्री सुरेश कुमार पाठक | आदर्श नगर, फुलवारी शरीफ, जिला- पटना । | अधिवक्ता | सदस्य |
| 5. | सोनी शेखर<br>पिता-श्री राजेन्द्र प्रसाद साह | ग्राम + पो0- बरदैला, जिला- पूर्णियाँ | समाजसेवा | सदस्य |
| 6. | मेहराज अहमद<br>पिता-स्व0 असगर अली | हारून नगर कालोनी फुलवारी शरीफ, पटना । | समाजसेवा | सदस्य |
| 7. | कैलाश बिहारी<br>पिता-स्व0 मुरलाई साह | ग्राम-पो0-हल्का, जिला- कटिहार । | समाजसेवा | सदस्य |
| 8. | महेन्द्र प्रसाद<br>पिता-श्री भोला प्रसाद | ग्राम - पो0- बरदैला, जिला- पूर्णियाँ । | समाजसेवा | सदस्य |
| 9. | जितेन्द्र विश्वकर्मा<br>पिता-श्री मोहन विश्वकर्मा | ग्राम-हिन्दुनी, पो0-फुलवारी शरीफ, जिला- पटना । | समाजसेवा | सदस्य |

Principal
Cambridge Public School
Govindpur Silhauri, Naubatpur, Patna

Manager
CAMBRIDGE PUBLIC SCHOOL
GOVINDPUR SILHAURI,
NAUBATPUR, PATNA-801109

निम्नलिखित व्यक्ति जिनका नाम, पिता/पति का नाम, पता, पेशा एवं हस्ताक्षर नीचे दिया गया है वर्तमान के स्मृति-पत्र के अनुसार संस्था निबंधन अधिनियम 21, 1860 के अन्तर्गत निबंधन के आकांक्षी हैं।

| क्रमांक नाम, पिता/पति का नाम | पता | पेशा | हस्ताक्षर |
|---|---|---|---|
| 1. जवाहर भगत<br>पिता-स्व0 गंगा भगत | ग्राम - पो0- चौदली, भाया- बेलदौर, जिला- खगड़िया। | समाजसेवा | जवाहर भगत |
| 2. दिलीप कुमार साह<br>पिता- श्री लक्ष्मण साह | मु0-चुनौटी कुआँ, पो0-फुलवारी शरीफ, जिला- पटना। | समाजसेवा | दिलीप कुमार साह |
| 3. पूनम कुमारी गुप्ता<br>पिता-श्री अजय प्रसाद गुप्ता | गाँधी चौक, पूरब सराय जिला- मुंगेर। | " | पूनम कुमारी गुप्ता |
| 4. संतोष कुमार पाठक<br>पिता-श्री सुरेश कुमार पाठक | आदर्श नगर फुलवारी शरीफ, जिला- पटना। | अधिवक्ता | S.K. Pathak |
| 5. सोनी शेखर<br>पिता-राजेन्द्र प्रसाद साह | ग्राम+ पो0-बरदेला, जिला- पूर्णियाँ | समाजसेवा | सोनी शेखर |
| 6. सेराज अहमद<br>पिता-स्वर्गीय असगर अली | हारूण नगर कालोनी, फुलवारी शरीफ, पटना। | " | सेराज अहमद |
| 7. कैलाश बिहारी<br>पिता-स्वर्गीय मुल्हाई साह | ग्राम + पो0-[illegible], जिला- कटिहार। | | कैलाश बिहारी |
| 8. महेन्द्र प्रसाद<br>पिता-श्री भोला प्रसाद | ग्राम + पो0-बरदेला, जिला- पूर्णियाँ | " | महेन्द्र प्रसाद |
| 9. जितेन्द्र विश्वकर्मा<br>पिता-श्री मोहन विश्वकर्मा | ग्राम- हिन्दुनी, पो0-फुलवारी शरीफ, जिला- पटना। | " | जितेन्द्र विश्वकर्मा |

प्रमाणित किया जाता है कि उपरोक्त व्यक्तियों ने मेरे सामने हस्ताक्षर किये हैं जिन्हें मैं पहचानता हूँ।

हस्ताक्षर - शोभा कुमारी सिंह

पदनाम - प्रधानाध्यापक

पूरा नाम - उच्च विद्यालय शोरम पुर, पटना

पता - शोरमपुर, भा- जानीपुर, थाना शोरमपुर, पटना

प्रधानाध्यापक
उच्च विद्यालय, शोरमपुर (पटना)

सह सचिव ... जि. शिक्षा पदाधिकारी, बिहार

22.9.06

Punam Kumari Gupta
Principal
Cambridge Public School
Govindpur Silhauri, Naubatpur, Patna

Rajendra Prasad Sha
Manager
CAMBRIDGE PUBLIC SCHOOL
GOVINDPUR SILHAURI,
NAUBATPUR, PATNA-801109

" ब्राईट एडुकेशनल एण्ड वेलफेयर सोसायटी "

की

## नियमावली

1. संस्था का नाम :- " ब्राईट एडुकेशनल एण्ड वेलफेयर सोसायटी "

2. परिभाषा :-

क) संस्था से अभिप्राय है :- " ब्राईट एडुकेशनल एण्ड वेलफेयर सोसायटी "

ख) समिति से अभिप्राय है :- संस्था की कार्यकारिणी समिति ।

ग) पदाधिकारी से अभिप्राय है :- अध्यक्ष, सचिव एवं कोषाध्यक्ष ।

घ) वर्ष से अभिप्राय है :- 1 ली अप्रैल से 31 मार्च तक ।

ङ) ऐक्ट से अभिप्राय है :- सोसायटीज रजिस्ट्रेशन ऐक्ट 21, 1860.

3. सदस्यता :-

प्रत्येक व्यक्ति जिनकी उम्र 18 वर्ष से अधिक की हो जो संस्था के नियमों एवं उद्देश्यों का निष्ठापूर्वक पालन करते हों एवं संस्था के प्रति निष्ठा रखते हो वे इस संस्था के सदस्य बन सकते हैं । सदस्यता ग्रहण करने हेतु उसे विहित प्रपत्र में आवेदन देना होगा जिसकी स्वीकृति या अस्वीकृति कार्यकारिणी समिति द्वारा प्रदान की जायेगी । संस्था के प्रत्येक सदस्य को 100/- रूपये प्रवेश शुल्क एवं 10/- रूपये मासिक सदस्यता शुल्क देना होगा ।

4. सदस्यता की समाप्ति :-

निम्नलिखित परिस्थितियों में संस्था के सदस्यों की सदस्यता समाप्त की जा सकेगी :-

क) स्वयं त्याग पत्र देने पर ।

ख) पागल या मृत्यु होने पर ।

ग) सदस्यता शुल्क नहीं देने पर ।

घ) समिति द्वारा अविश्वास प्रस्ताव पारित करने पर ।

ङ) न्यायालय द्वारा दंडित होने पर ।

च) बिना कारण बताये समिति की लगातार तीन बैठकों में अनुपस्थित होने पर ।

Punam Kumari Gupta
Principal
Cambridge Public School
Govindpur Silhauri, Naubatpur, Patna

Manager
CAMBRIDGE PUBLIC SCHOOL
GOVINDPUR SILHAURI,
NAUBATPUR, PATNA-801109

5. **कार्यकारिणी समिति का गठन :-**

क) कार्यकारिणी समिति में पदाधिकारी सहित नौ (9) सदस्य होंगे।

ख) समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों का चुनाव आम सभा के द्वारा किया जायेगा।

ग) कार्यकारिणी समिति का कार्यकाल पाँच वर्षों का होगा। निवृत सदस्य पुनः चुने जा सकते हैं।

घ) यदि किसी कारणवश समिति में कोई पद रिक्त होगा तो उक्त पद पर समिति किसी व्यक्ति को मनोनित कर सकती है। लेकिन वार्षिक बैठक में उसे विधिवत चुनाव कराना होगा। मनोनित सदस्य उसी पद के अनुरूप कार्य करेंगे जिस पद के लिए उनका मनोनयन किया गया हो।

6. **पदाधिकारियों के अधिकार एवं कर्त्तव्य :-**

**अध्यक्ष :-**

क) संस्था की प्रत्येक बैठक की अध्यक्षता करना।

ख) किसी विषय पर मतदान के समय पक्ष या विपक्ष में समान मत आने की स्थिति में अपने निर्णायक मत का उपयोग करना।

ग) कार्यवाही पंजी पर अपना हस्ताक्षर करना।

**सचिव :-**

क) प्रत्येक बैठक का आयोजन करना।

ख) बैठक की कार्यवाही को कार्यवाही पंजी में अंकित करना तथा अध्यक्ष से हस्ताक्षर कराकर अपना हस्ताक्षर लेना।

ग) प्रत्येक पंजी एवं कागजातों को सुरक्षित रखना।

घ) संस्था की ओर से पत्राचार करना।

ङ) संस्था के आय-व्यय का अंकेक्षण कराना।

च) अध्यक्ष की राय से अन्य कार्य करना।

छ) कर्मचारियों की नियुक्ति एवं बर्खास्तगी के आदेश कार्यकारिणी समिति के सलाह पर करना।

ज) संस्था के हित में कार्य करना।

Punam Kumari Gupta
Principal
Cambridge Public School
Govindpur Silhauri, Naubatpur, Patna

Rajendra Prasad Sha
Manager
CAMBRIDGE PUBLIC SCHOOL
GOVINDPUR SILHAURI,
NAUBATPUR, PATNA-801109

कोषाध्यक्ष :-

क) संस्था के आय-व्यय का हिसाब रखना और सचिव के द्वारा बैठक में प्रस्तुत करना ।

ख) सदस्यता शुल्क एवं प्रवेश शुल्क आदि प्राप्त कर रसीद देना ।

ग) आकस्मिक खर्च के लिए अपने पास 1000/- रुपये तक रखना तथा विशेष खर्च के लिए समिति की बैठक से पास कराकर कार्य सम्पादित करना ।

घ) संस्था के कोष को किसी शिड्यूल्ड बैंक या डाकघर में संस्था के नाम पर जमा करना ।

7. कार्यकारिणी समिति के अधिकार एवं कर्त्तव्य :-

क) संस्था के चल या अचल सम्पत्ति का उत्तरदायी होगा ।

ख) संस्था के सभी कार्यों का सम्पादन विधिवत करना तथा प्रस्ताव पारित करना ।

ग) उद्देश्य की पूर्ति हेतु अन्य वैधानिक कार्य सम्पादित करना ।

घ) उपशाखा का निर्माण करना ।

ङ) संस्था के उद्देश्यों की पूर्ति हेतु विचार-विमर्श करना ।

च) संस्था के प्रति होने वाली नियंत्रणों को बरकरार रखना ।

8. आम सभा के अधिकार एवं कर्त्तव्य :-

क) समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों का निर्वाचन करना ।

ख) संस्था के आय-व्यय लेखा पर विचार करना तथा स्वीकृति देना ।

ग) अंकेक्षक की नियुक्ति करना ।

घ) अध्यक्ष की राय से अन्य विषय पर विचार करना ।

9. बैठक :-

क) कार्यकारिणी समिति की बैठक प्रत्येक तीन माह पर होगी ।

ख) आम सभा की साधारण बैठक प्रत्येक वर्ष अप्रैल माह में होगी ।

ग) कार्यकारिणी समिति की अत्यावश्यक बैठक कभी भी बुलायी जा सकती है।

घ) आम सभा की विशेष बैठक कभी भी बुलायी जा सकती है ।

10. बैठक की सूचना :-

क) कार्यकारिणी समिति की बैठक की सूचना सात दिन पूर्व दी जायेगी ।

Punam Kumari Gupta
Principal
Cambridge Public School
Govindpur Silhauri, Naubatpur, Patna

Rajendra Prasad Sha
Manager
CAMBRIDGE PUBLIC SCHOOL
GOVINDPUR SILHAURI,
NAUBATPUR, PATNA-801109

ख) आम बैठक की सूचना 15 दिन पूर्व दी जायेगी ।

ग) कार्यकारिणी समिति की आवश्यक बैठक की सूचना 48 घंटे पूर्व दी जायेगी।

घ) आम सभा की आवश्यक बैठक की सूचना 10 दिन पूर्व दी जायेगी ।

ङ) बैठक की सूचना, सूचना पंजी में हस्ताक्षर प्राप्त कर या डाक द्वारा सभी सदस्यों को दी जायेगी ।

11. प्रार्थित बैठक :-

1/3 सदस्यों के लिखित मांग पर आवेदन प्राप्ति के एक माह के अन्दर सचिव को बैठक बुलाना होगा । आवेदन पत्र में विचारणीय विषय का स्पष्ट उल्लेख होना चाहिए। यदि सचिव उक्त अवधि के अन्दर बैठक का आयोजन नहीं करते हैं तो आवेदक को अधिकार होगा कि आवेदन में उल्लेखित विषय के लिए बैठक का आयोजन कर सकते हैं ।

12. कोरम (गणपूर्ति)

प्रत्येक बैठक का कोरम कुल सदस्यों का साधारण बहुमत होगा । कोरम के अभाव में बैठक स्थगित हो जायेगी । तथा स्थगित बैठक के लिए पुनः कोरम की आवश्यकता नहीं होगी ।

13. आय का स्रोत :-

क) सदस्यता शुल्क एवं प्रवेश शुल्क ।

ख) सरकारी, गैर सरकारी, दान, अनुदान, सहायता ।

ग) प्रशिक्षण के दौरान संस्था द्वारा उत्पादित वस्तुओं की बिक्री से ।

घ) सांस्कृतिक कार्यक्रमों के संचालन से

14. कोष का संचालन :-

संस्था की सभी राशियाँ संस्था के नाम खुले डाकघर या बैंक खाते में जमा की जायेगी तथा सभी रकम की निकासी अध्यक्ष, सचिव एवं कोषाध्यक्ष में से किन्हीं दो के संयुक्त हस्ताक्षर से की जायेगी ।

15. निधि का अंकेक्षण :-

क) संस्था के आय-व्यय का लेखा नियमित रूप से रखा जायेगा तथा आम सभा के द्वारा नियुक्त अंकेक्षक से प्रत्येक वर्ष संस्था की निधि का अंकेक्षण कराया जायेगा ।

Punam Kumari Gupta
Principal
Cambridge Public School
Govindpur Silhauri, Naubatpur, Patna

Rajendra Prasad Sha
Manager
CAMBRIDGE PUBLIC SCHOOL
GOVINDPUR SILHAURI,
NAUBATPUR, PATNA-801109

ख) निबंधन महानिरीक्षक कभी भी अपने विवेक से संस्था की निधी का अंकेक्षण किसी मान्यता प्राप्त अंकेक्षक से करा सकते हैं और इस हेतु अंकेक्षक का शुल्क संस्था द्वारा वहन किया जायेगा ।

16. पंजी का निरीक्षण :-

संस्था की सभी पंजियाँ निबंधित कार्यालय में जमा रहेगी जहाँ कोई भी सदस्य सचिव की अनुमति से सदस्य पंजी, लेखा पंजी एवं कार्यवाही पंजी का निरीक्षण कर सकते हैं ।

17. नियमावली में संशोधन :-

नियमावली में किसी भी प्रकार का संशोधन आम सभा के 3/5 सदस्यों द्वारा प्रस्ताव पारित करने पर हीं किया जायेगा ।

18. कानूनी कार्रवाई :-

संस्था पर या संस्था के द्वारा कानूनी कार्रवाई सचिव के पदनाम से होगी तथा अधिवक्ता की नियुक्ति समिति की सलाह से की जायेगी ।

19. विघटन एवं विघटनोंपरांत सम्पत्ति की व्यवस्था :-

क) संस्था का विघटन संस्था अधिनियम 21, 1860 की धारा-13 के आलोक में सरकार का अनुमोदन प्राप्त करने के बाद ही किया जायेगा ।

ख) आम सभा के 3/5 सदस्यों के द्वारा प्रस्ताव पारित करने पर हीं संस्था का विघटन किया जायेगा ।

ग) संस्था के विघटनोंपरांत जो चल एवं अचल सम्पत्ति बचेगी वह किसी सदस्य या गैर सदस्यों में नहीं बाँटी जायेगी बल्कि आम सभा के 3/5 सदस्यों द्वारा प्रस्ताव पारित करने पर, समान उद्देश्य वाली दूसरी संस्था को या सरकार को दे दी जायेगी ।

---

प्रमाणित किया जाता है कि यह नियमावली की सच्ची प्रति है ।

अवाह्द भगत
अध्यक्ष

पुनम कुमारी गुप्ता
कोषाध्यक्ष

दिलीप कुमार गुप्ता
सचिव

प्रमाणित किया जाता है कि यह मूल नियमावली की हू-बहू की सच्ची प्रति है ।

अवाह्द भगत
अध्यक्ष

पुनम कुमारी गुप्ता
कोषाध्यक्ष

दिलीप कुमार गुप्ता
सचिव

यह सच्ची अभिप्रमाणित प्रतिलिपि है
22.9.0
सहा. निबंधन महानिरीक्षक, बिहार

Punam Kumari Gupta
Principal
Cambridge Public School
Govindpur Silhauri, Naubatpur, Patna

Rajendra Prasad Sha
Manager
CAMBRIDGE PUBLIC SCHOOL
GOVINDPUR SILHAURI,
NAUBATPUR, PATNA-801109